तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

12 कलेक्टर ने जीजामगांव में निर्माणाधीन औद्योगिक ...



16 बोर्ड पैटर्न पर होगी पांचवीं, आठवीं की वार्षिक परीक्षा





## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव 17 को विधानसभा घेरेंगे

**नगरी।** नगरी विकासखण्ड के पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा का घेराव किया जायेगा। 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जायेगा। इसकी सूचना कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत धमतरी. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी कार्यपालिका दण्डाअधिकारी तहसील नगरी को दी गई है। आंदोलन की तैयारी में अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव, सचिव रैनकुमार नेताम, उपाध्यक्ष खूबचंद ध्रुव, लक्ष्मी साहू कोषाध्यक्ष, पीलाराम सेन, सहसचिव सुखदेव भारती, मीडिया प्रभारी प्रमोद, भूपेंद्र कुमार साहू, संरक्षक मदन सेन, आसत समस्थ, बुधराम नेताम, रोहित जुटे हैं।

### महाव्यापारी संघ का चुनाव 19 को

**मगरलोड।** महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुण्डी के पदाधिकारियों का चुनाव 19 मार्च को सुबह 9 बजे से मंडी प्रांगण मगरलोड में होगा। गिनती पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत, उद्बोधन एवं होली मिलन समारोह स्वर्ण जयंती स्मारक चौक पर रखा गया है। 19 मार्च को सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहेगा। प्रत्येक दुकान से एक सदस्य का आना अनिवार्य है। नहीं आने पर संघ द्वारा उचित निर्णय लिया जायेगा। जिस व्यापारी ने नवीन प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है और जो अब तक संघ से नहीं जुड़ा है, उसे तत्काल जोड़कर सदस्यता प्रदान की जायेगी। महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुण्डी के किसी भी पद के लिए नाम चयन करते हैं, तो एक प्रस्तावक और एक समर्थक का होना अनिवार्य है। यह जानकारी महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, सचिव सुकदेव साहू ने दी है।

### भारत यूथ पार्लियामेंट का जिलास्तरीय आयोजन 21 व 22 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार धमतरी एवं गरियाबंद जिला के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 का जिलास्तरीय आयोजन 21 एवं 22 मार्च को किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा देशभर के युवाओं के विकसित भारत संबंधी विचार जानने उद्देश्य से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक प्रदेश से तीन चरणों में चयनित सर्वश्रेष्ठ युवा वक्ताओं को नई दिल्ली में संसद भवन में आयोजित विशेष सत्रों में विभिन्न गणमान्य लोगों के समक्ष अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने 18-25 वर्ष के युवा 16 मार्च तक माय भारत पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कर 1 मिनट का वीडियो अपलोड कर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 में भाग ले सकते हैं।

### आवास प्लस सर्वे 2.0 कार्य 31 मार्च तक

**धमतरी।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस 2018 की पात्रता सूची में छुटे हुए पात्र परिवारों का सर्वे किया जाना है। इस कार्य के लिए आवास प्लस सर्वे 2.0 का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे पंचायत स्तर पर पंजीकृत प्रगणकों (पंचायत सचिव रोजगार सहायक) द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च है। जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अंतर्वेशन एवं बर्हिवेशन मानदंड निर्धारित किया गया है।

चार नए खरीदी केंद्रों की मिली सौगात, नगरी और मगरलोड में भी होगी खरीदी

# चना खरीदी के 13 दिन बाद पूरा जिला हुआ कवर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होली से पहले किसानों को सौगात देते हुए कृषि विभाग ने चार नए चना खरीदी केंद्रों को शुरू कर दिया है। ये केंद्र उन क्षेत्रों में खुले हैं, जहां पर अब तक चना खरीदी की सुविधा नहीं थी। इन खरीदी केंद्रों के खुलने से नगरी और मगरलोड विकासखंड के किसानों को समर्थन मूल्य पर चना बेचने की सुविधा मिलेगी।

चना की खरीदी शुरू हुए 13 दिन हो चुके हैं लेकिन नगरी और मगरलोड क्षेत्र में खरीदी की सुविधा नहीं थी। कृषि विभाग की पहल पर अब इन क्षेत्रों में खरीदी सुविधा बहाल की गई है। प्राथमिक साख सहकारी समिति नगरी, मगरलोड, कुरूद और छाती में चना खरीदी करने की मंजूरी मिल चुकी है। कृषि उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने बताया कि इन नए खरीदी केंद्रों में खरीदी भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पहले ही रामपुर, कातलबोड़, तरसींवा और लोहरसी की प्राथमिक साख सहकारी समिति में चना की खरीदी हो रही थी। नए खरीदी केंद्रों के खुलने के बाद अब जिले में कुल 8 खरीदी केंद्र हो गए हैं। यही नहीं चना खरीदी की सुविधा लगभग पूरे जिले में होने लगी है।



### ई-समृद्धि पोर्टल के जरिए खरीदी

कृषि उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने बताया कि किसानों से आशा योजना के तहत ई- समृद्धि पोर्टल के जरिए चना की खरीदी की जा रही है। अलग-अलग जिलों में अलग संस्थाएं खरीदी कर रही हैं। धमतरी में एनसीसीएफ चना की खरीदी कर रही है। लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक किसी प्रकार की शिकायत या गड़बड़ी नहीं मिली है।

### नगरी, मगरलोड के किसानों को राहत

अब तक कुरूद और धमतरी क्षेत्र में ही किसानों को समर्थन मूल्य पर चना बेचने की सुविधा मिल रही थी। नगरी और मगरलोड क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में किसानों ने चने की खेती है। खरीदी केंद्र नहीं होने से समर्थन मूल्य पर चना बेचने की सुविधा उन्हें नहीं मिल पा रही थी। जो किसान समर्थन मूल्य पर चना बेचना चाहते थे, उन्हें चना लेकर धमतरी और कुछ क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में आना पड़ता है। दूरी ज्यादा होने के कारण गाड़ी का भाड़ा ज्यादा लगता है। यही कारण है कि इन क्षेत्र के किसानों ने समर्थन मूल्य पर चना बेचने में रूचि नहीं ली थी। अब नए खरीदी केंद्र खुलने के बाद इन क्षेत्र के किसान आसानी से समर्थन मूल्य पर चना बेच पाएंगे।

### होली में रहेगी रौनक

समर्थन मूल्य पर चना खरीदी किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। चना की कटाई, मिंजाई जोरों पर है। त्योहारी जरूरत को पूरा करने के लिए किसान समर्थन मूल्य पर चना बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार चार खरीदी केंद्रों में अब तक 45 किसानों ने 336.5 क्विंटल चना बेचा है। इसके एवज में किसानों को 19 लाख 1 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। त्योहार के समय चना खरीदी से किसानों को राहत मिली है। ऐसे में उम्मीद है कि इस साल होली में वे जमकर रंग गुलाल उड़ाएंगे।

# होलिका दहन से पहले की गई पूजा-अर्चना

- पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे अग्रवाल समाज की महिलाओं ने की परम्परागत पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होलिका दहन से पहले होलिका पूजन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। शहर के प्रमुख स्थान मठमंदिर चौक, बालक चौक, पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे सहित विभिन्न स्थलों पर लोगों ने होलिका की विधि-विधान से पूजा की।

पुरानी मंडी के पीछे होलिका की पूजा करने पहुंची अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बताया कि पंडित ने होलिका दहन का दो समय शाम 7.30 बजे तथा रात 11.30 बजे बताया है। परम्परानुसार होली दहन के पूर्व होलिका का पूजन करने का विधान है। गोबर के कंडे का माला बनाकर उसे अर्पित करते हैं। गुलाल, दीपक जलाकर पूजा करते हैं। मठमंदिर चौक निवासी दिलीप राज सोनी ने बताया कि भद्रा काल समाप्त होने के बाद होलिका दहन किया जाएगा। गुरूवार को होली दहन से पहले परम्परानुसार पूजा पाठ किया गया।



### नहीं आती नकारात्मक शक्तियां : पं. शास्त्री

पं. कमलेश शास्त्री बताते हैं कि होली पर्व में नकारात्मक शक्तियों को दूर कर पॉजिटिव होने का सही अवसर मिलता है। होली पर घी, लौंग, बताशा अर्पित करते हैं। इससे मां लक्ष्मी का आगमन होता है। इसी तरह सूखे नारियल में तिल, घी डालकर अर्पित करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। होली की राख को पानी में घोलकर नहाने से रोग नाश होता है।

# लोहरसी में नहीं होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर सहित गांव-गांव में होली का उत्साह बिखरने लगा है। वहीं समीपस्थ गांव लोहरसी में होली का रंग नदारद है। छोटी माता के प्रकोप के कारण ग्रामीणों ने होली का पर्व नहीं मनाने का फैसला लिया है।

ग्रामीण डेमन साहू, कृष्ण कुमार, गोपाल देवांगन ने बताया कि गांव में पिछले 1 माह से छोटी माता (चिकन पॉक्स) का प्रकोप है। इससे करीब 45 घर प्रभावित हैं। इसे देखते हुए गांव में बैठक रखी गई, जिसमें होली नहीं मनाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव में होलका दहन नहीं होगा। रंग गुलाल खेलने पर भी मनाही है। वहीं चिकन मटन की दुकानें भी बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी छोटी माता के प्रकोप के कारण एक बार होली नहीं मनाई गई थी।




एग्रीस्टेक योजना के तहत अब तक 63 हजार किसानों का पंजीयन

# किसानों के लिए तैयार हो रहा डिजिटल प्लेटफार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जल्द ही किसानों से संबंधित सभी योजनाएं पेपरलेस हो जाएंगी। एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों का डेटा पंजीयन चल रहा है। अब तक 63 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। सरकारी अधिकारी-कर्मचारी भी इसी काम में जुटे हुए हैं। पंजीयन के लिए दिन में शिविर तो लग रहा है। रात में भी शिविर लगाकर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

प्रदेश के साथ अब धमतरी जिला भी डिजिटल खेती की ओर बढ़ रहा है। भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल में किसानों से संबंधित सभी जानकारियां अपलोड की जा रही हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस पोर्टल में किसान का पूरा बायोडाटा होगा। किसान का नाम, उम्र, जमीन का रकबा, जमीन की प्रकृति सहित अन्य प्रकार की सभी जानकारी इसमें शामिल हैं। पंजीयन का काम पूरा होने के बाद किसानों को सभी योजनाओं का लाभ इसी एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से दिया जाएगा। इसमें फसल बीमा से लेकर कृषि ऋण तक सभी योजनाएं शामिल हैं। खास बात यह है कि किसानों को इन योजनाओं का लाभ पेपरलेस सिस्टम से दिया जाएगा। यानी किसानों को भौतिक रूप से आवेदन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किसान आवेदन करेंगे। सभी जानकारी पोर्टल में होने से किसानों को दस्तावेजों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।



### चल रहा पंजीयन का काम

जिले में करीब डेढ़ लाख किसान हैं, जिनका एग्रीस्टेक योजना में पंजीयन किया जा रहा है। अब तक 63 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। किसान स्वयं के मोबाइल से भी पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सहकारी समिति और च्वाइस सेंटरों में भी पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कृषि विभाग के उपसंचालक, कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व विभाग के पटवारी, आरआई सहित एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अधिकारी शिविर लगाकर भी किसानों का पंजीयन रहे हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगा रहे हैं। शाम को भी 4 बजे से रात 8 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जिओ रिफ्रेसिंग से तैयार हो रहा नक्शा

एग्रीस्टेक योजना के तहत प्रदेश के कई जिलों को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है। इसमें धमतरी भी शामिल है। इस योजना के तहत जिले के गांवों में जिओ रिफ्रेसिंग का सर्वेक्षण कर नक्शा तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राजस्व संबंधित अभिलेख, फसल सर्वेक्षण भी डिजिटल तरीके से किया जा रहा है।

# पुलिस त्योहार में हुड़दंगियों पर ड्रोन से रखेगी नजर

- शहर के चौक-चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर 300 पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस होली त्योहार में हुड़दंगियों पर ड्रोन से नजर रख रही है। वहीं शहर के चप्पे-चप्पे पर जवानों को तैनात किया गया है।

होली का पर्व शांति व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में होली ड्यूटी के लिए पुलिस बल को दिशा निर्देश दिया गया है। त्योहार पर शहर के चौक-चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर कुल 300 पुलिस बल तैनात किया गया है। 40 चारपहिया वाहनों से शहर व गलियों की लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। 10 मोटरसाइकिल, 6 क्यूआरटी टीम, 18 फिक्स पिकेट सहित रिजर्व बलों को बॉडी गार्ड व हेलमेट के साथ शहर में तैनात किया गया है। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस द्वारा बलवा ड्रील सामग्री रख वाहनों के साथ बल को तैयार किया गया है। एसपी ने अधिकारियों सहित पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी एवं संवेदनशील के साथ प्रभावी कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस बार त्योहार में ड्रोन कैमरे की मदद से खुफिया पुलिस शहर की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है।



### नागरिकों के लिए सामान्य निर्देश

होली त्योहार पर पुलिस ने आम नागरिकों के लिए सामान्य निर्देश जारी किया है। मुखौटे पहनकर भय व भ्रम नहीं फैलाने, सड़कों को बाधित कर होली नहीं खेलने, अभद्र भाषा, अपशब्दों व गाली-गलौज नहीं करने, संदिग्ध गतिविधियां दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने, साउंड सिस्टम व लाउड स्पीकर की आवाज तेज नहीं करने, होली में ग्रीस, पेंट व ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग नहीं की अपील की है।

# पीपराहीभर्री में बना मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र

**धमतरी।** वनांचल नगरी के ग्राम पीपराहीभर्री में मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र आकर्षण का केन्द्र है। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चे खेल-कूद, पढ़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने नगरी प्रवास के दौरान पीपराहीभर्री के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से भवन निर्माण की लागत, बच्चों को मिलने वाली भोजन की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर को जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने नन्हें-मुन्ने बच्चों से भी बातचीत की।



- कलेक्टर ने नन्हें-मुन्ने बच्चों से की बातचीत

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी का किया निरीक्षण



पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती करने के दिये निर्देश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीज से बातचीत करते हुए उनका हाल जाना। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं, कुल ओपीडी, मरीजों को दिये जाने वाले भोजन, चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की संख्या, ऑपरेशन की सुविधा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस बात का ध्यान अधिकारी रखें। कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों की दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सही रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चे की माता जोहतरीन बाई से चर्चा करते हुए भोजन की गुणवत्ता पूछी। कलेक्टर ने पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों को डाइट चार्ट के अनुरूप आहार देने के निर्देश दिये। उन्होंने डाइट चार्ट को केन्द्र के मुख्य स्थान पर लगाने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि पोषण पुर्नवास केन्द्र में कोई बेड खाली न रहे, इस बात का ध्यान रखें। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर काम करें।

त्योहार के दिन अस्पताल में डाक्टर्स रहेंगे तैनात

# होली मनाने अस्पताल से डिस्चार्ज लेकर घर लौटने लगे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल के वार्डों में भर्ती होकर उपचार करा रहे आधे से ज्यादा मरीज होली त्योहार मनाने डिस्चार्ज लेकर घर लौट रहे हैं। वहीं त्योहार के दिन किसी भी तरह की इमरजेंसी से निपटने डाक्टर्स व स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

रंगों का त्योहार होली का सभी को इंतजार रहता है। विशेषकर बच्चे रंग खेलने काफी उत्साहित रहते हैं। काम के सिलसिले में बाहर गये लोग भी परिवार के साथ त्योहार मनाने अपने घर आ जाते हैं। ऐसे में अस्पताल में भर्ती होकर उपचार करा रहे सामान्य बीमारियों के मरीज भी परिवार के साथ त्योहार मनाने में कहां पीछे रहने वाले हैं। त्योहार के दो-चार दिन पहले से भर्ती मरीज स्वास्थ्य में सुधार होने व त्योहार को देखते हुये डिस्चार्ज लेकर वापस लौट गये हैं। होलिका दहन के दिन गुरूवार की सुबह से ही वार्ड में भर्ती मरीज उसके अटेन्डर घर जाने अपना बोरिया बिस्तर बांधकर छुट्टी लेने की तैयारी में थे। डाक्टर के राउंड करने के दौरान मरीजों ने घर जाने के लिये डिस्चार्ज करा लिया। यह सिलसिला गुरूवार को दिनभर चलता रहा है। वहीं कुछ गंभीर मरीज उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती भी हुये हैं। शाम तक वार्डों के अधिकांश बिस्तर खाली हो चुके थे। एनीमिया, जहर सेवन, सड़क दुर्घटना, अल्कोहलिक, श्वसन, गैस्टिक, शुगर व सर्जरी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के मरीज अस्पताल में भर्ती होकर उपचार करा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार त्योहार के दिन रोटेशन के आधार पर चार चिकित्सक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। शुक्रवार की सुबह 8 बजे से 12 बजे तक डॉ. अखिलेश देवांगन, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक डॉ. मेहताब अहमद, 3 बजे से शाम 6 बजे तक डॉ. तेजस शाह, शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक डॉ. रविकिरण शिन्दे व रात्रि 9 बजे से शनिवार की सुबह 8 बजे तक डॉ. मेहताब अहमद तैनात रहेंगे। इसी तरह वार्डों में भी रोटेशन के आधार पर स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं तीन एम्बुलेंस चालकों की 12-12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।






## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## पानी, बिजली और सड़क का काम प्राथमिकता से पूरा करें

# कलेक्टर ने जीजामगांव में निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार की सुबह जीजामगांव में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र में विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों को तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने औद्योगिक पार्क में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क क्षेत्र में सड़क बनाने का काम पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क के काम में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई और लागत राशि वसूलने की भी सख्त हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास जी-जामगांव में लगभग 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर सामान्य औद्योगिक क्षेत्र विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार



के उद्योगों को स्थापित करने के लिए छूट एवं अनुदान आदि सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को आवश्यकता अनुसार अलग-अलग आकार के 40 भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पानी की उपलब्धता और नाली निर्माण का काम तेजी से करने को कहा। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन पानी टंकी के काम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पूरे परिसर में उद्योगों की जरूरतों के अनुसार बिजली की भी व्यवस्था निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि के लिए भी अभी से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

श्री मिश्रा ने औद्योगिक क्षेत्र में भूमि समतलीकरण करते समय पानी निकासी की उचित व्यवस्था पर भी फोकस करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि समतलीकरण के उपरांत परिसर में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

# खर्रा पंचायत के लेखराम साहू बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत खर्रा में उपसरपंच का चुनाव काफी रोमांचक रहा। दो प्रत्याशी नरेंद्र कुमार ध्रुववंशी और लेखराम साहू ने उपसरपंच के लिए दावेदारी दी। लेखराम साहू को 10 मत वहीं नरेंद्र ध्रुववंशी को 3 मत मिले। इस तरह से लेखराम साहू उपसरपंच चुने गए। विदित हो कि सरपंच चुनाव में केशरी ओमप्रकाश ध्रुव ने खेमीन परमानंद ध्रुव को 6 वोटों से पराजित किया। मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच केशरी ओमप्रकाश ध्रुव सहित पंचगण कुसुमलता ध्रुववंशी, रुक्मणी वर्मा, खिलावन साहू, पार्वती कश्यप, त्रिवेणी साहू, लेखराम साहू, दुष्यंत पटेल, दीना साहू, सतरूपा साहू, नरेंद्र साहू, रंजीता नगारची सहित अन्य उपस्थित थे।

# वार्षिक सम्मेलन में समाज के उत्थान पर किया मंथन





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

साल्हेभाट मुड़ा के ग्राम भालूचुआ में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र सलोनी के वार्षिक सम्मेलन व सभा में समाज के उत्थान और उन्नति पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय फत्ते लाल ध्रुव ने समाज की प्रगति को लेकर अपने विचार रखे।

# 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

■ भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण माहिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सदस्य धमतरी, विशिष्ट अतिथि गंगाबाई संतराम साहू सरपंच भैंसबोड़, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, नागेश साहू उपसरपंच थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य से किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती





महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई। अतिथियों द्वारा अंकुरित चना-मूंग, आयरन टेबलेट और श्रीफल, रेडी टू ईट दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तथा हरी साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक अरुणा मिश्रा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में माहिलाओं को जानकारी दी। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई। एएनएम जानेश्वरी बंजारे द्वारा टीकाकरण भी किया गया।

इस अवसर पर अंवरी परिक्षेत्र पर्यवेक्षक नीता वर्मा, अरुणा मिश्रा, मोनिका साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता शिंदे, अनुसुइया साहू, टिकेश्वरी साहू, किरणलता जोशी, मीना यादव, चन्द्रकला भतपहरी, दीपा निषाद, कमलेश मिश्रा, शारदा ध्रुव, जागेश्वरी बघेल, सरोजनी टंडन, हेमा वैष्णव, ईश्वरी तारक, नीलम साहू, लता साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# गणित के प्रति रूचि बढ़ाने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

■ भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले से दो शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में आयोजित किया जिसमें बालोद सहित राज्य के कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया।

बालोद जिला से अजय वर्मा शिक्षक माध्यमिक शाला पेरपार एवं चांदनी वर्मा सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला गुरूर ने तीसरे चरण में जिले का प्रतिनिधित्व किया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईटी भिलाई विशेषज्ञों द्वारा शालाओं के विद्यार्थियों में साइंस के प्रति रूचि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणित के प्रति



रूचि, रसायन एवं भौतिक क्रियाओं की समझ बनाने प्रशिक्षित किया गया। आईआईटी भिलाई के डां अनिल साहू ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। डां महबूम आलम ने गतिविधि निरीक्षण, खेल प्रयोग, कला और चित्रण आधारित शिक्षण कराने पर जोर दिया। डां अशरीफा द्वारा बीजगणित को प्रेक्टिल आधारित सिद्ध करने सिखाया। डां निकेत ने पानी और हवा की दबाव आधारित क्रिया बताई।

# नवागांव कसपुर में गणेश बने निर्विरोध उपसरपंच



■ पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा : कमलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत नवागांव कसपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर नागरिकों में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

निर्वाचन के पश्चात गणेश साहू ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। सरपंच कमलेश्वरी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि गणेश साहू के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे।

मौके पर पीठासीन अधिकारी शोभितराम नेताम, सचिव प्रमोद महिलांगे, रोजगार सहायक हिरोंदी साहू, पूर्व उपसंरपच शिवकुमार साहू, परऊ मरकाम, केशव विश्वकर्मा, भारत साहू, प्रकाश नेताम, दिनेश साहू एवं पंचगण ईश्वरी नेताम, नवीन नागेश, जानकी साहू, देवकी मरकाम, कुमारीबाई साहू, पवन साहू, शिशुपाल साहू, प्रभा नेताम, हिरौंदीबाई साहू, गन्नू मरकाम, नीरा नेताम, बृजलाल नेताम, रिकी नाग, जयंती नेताम, नीराबाई मरकाम उपस्थित थे।

# नगर व्यवस्था समिति की कार्यकारिणी घोषित

**नगरी।** नगर व्यवस्था समिति नगरी के नवनियुक्त अध्यक्ष नंद यादव ने त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए अपनी टीम की घोषणा की। उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, उपाध्यक्ष सहदेव साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल सेन, उपाध्यक्ष दीनदयाल सरपा,



उपाध्यक्ष धरम निषाद, उपाध्यक्ष हरीश सार्वा, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव सुरेश साहू, सहसचिव नरेंद्र नाग, सहसचिव अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, युवा शक्ति विकास सोनी, निखिल नेताम, कुलदीप देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य देवीचंद ढेलढिया, नोहर साहू, रामस्वरूप अमतिया, रविन्द्र गौर, प्रदीप निषाद, सूनाराम यादव, देवेन्द्र साहू, बीना राम साहू, कमलेश निर्मलकर, बीर कुमार हिरवानी, नोहरु साहू, सुखु साहू, वरुण साहू, परसादी राम साहू, मार्गदर्शक अंजोर सिंह गौर, रघुराम साहू, राघवेन्द्र वर्मा, ललित शर्मा, हृदय नाग, बृजलाल सार्वा, आरएल श्रीमाली, हिन्छाराम सोम, पुजारीगण सत्योम सोम, ईतवारी राम नेताम, प्रफुल्ल अमतिया, गिरिजाशंकर सोम, पं ठकुरीधर शर्मा, उत्तम गौर, होरी लाल पटेल, शैलेन्द्र लहौरिया, सेमन्त पटेल, मीडिया प्रभारी गोपी कश्यप, कुलदीप साहू, अभिनव अवस्थी, राजशेखर नायर, जीवन नाहटा, गोपी कश्यप, दीपेश निषाद, अशोक संचेती बनाए गए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक/593/अ.वि.अ./वा.-01/2025 कुरूद,
दिनांक 11/03/2025

प्रति,

1. रामचंद पिता नरसिंग साहू, उम्र 65 वर्ष, निवासी हटकेशर धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)
2. देवबती पिता नरसिंग साहू, उम्र 50 वर्ष, पति चंद्रसेन निवासी गुढियारी रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)
3. सुभाषचंद पिता नरसिंग साहू, उम्र 52 वर्ष, निवासी श्री नगर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

**विषयः- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।**

---00---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202406130500096/अ-6/2023-24 में अपीलार्थी मानबाई पिता नरसिंग साहू एवं अन्य 01 विरूद्ध रामचंद पिता नरसिंग साहू एवं अन्य 03 काश्तग्राम-भालूकोना, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी स्थित वादभूमि ख.नं. 132, 439 रकबा क्रमशः 0.06, 0.21 हे. के निराकरण के सम्बन्ध में आपकी उपस्थिति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है, इस सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 26/03/2025 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.),
जिला-धमतरी (छ.ग.)**







Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98260-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ होली
दयाराम साहू
मोनिका देवांगन
गीतेश्वरी निरंजन साहू
ग्राम पंचायत दर्री (धमतरी)
के सरपंच निर्वाचित होने पर इंजीनियर हिमांशु शेखर साहू को
एवं निरंजन साहू को उपसरपंच बनने
व सभी पंचों को हार्दिक बधाई
निरंजन साहू
नवनियुक्त उपसरपंच
ग्राम पंचायत दर्री
हिमांशु शेखर साहू
नवनियुक्त
सरपंच ग्राम पंचायत दर्री
हेमंत चंद्राकर
खुमान साहू
भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष
मिश्रीलाल पटेल
शेखन साहू
सोसायटी अध्यक्ष खरेंगा
पंचगण
राधाबाई साहू
मीनाबाई साहू
करुणा राजाराम नागरची
भोलाराम कुंभकार
नैन सिंग साहू
खूबलाल साहू
भूनेश्वरी साहू
चमेली साहू
खिलेश्वर साहू
दामिनी साहू
मालतीबाई साहू
दुलेश्वरी साहू
विनीत : ग्राम पंचायत दर्री के समस्त कार्यकर्तागण




ग्राम पंचायत अर्जुनी
के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच
एवं पंचगणों को ऐतिहासिक जीत पर
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
मतदाताओं का आभार...
समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार...
समस्त क्षेत्रवासियों को होली की बहुत-बहुत बधाई...
श्रीमती इंदु मोहित ध्रुव
सरपंच, ग्राम पंचायत अर्जुनी
श्री लोकेश सिन्हा
उप सरपंच, ग्राम पंचायत अर्जुनी
पंचगण
राधिका सिन्हा
खेमराज सिन्हा
महेश्वर दास सिन्हा
द्रौपदी ध्रुव
तेजराम ध्रुव
रूखमणी गौतम
तृप्ति निनपाल
दीनू राम ध्रुव
लक्ष्मी ध्रुव
सुषमा सिन्हा
त्रिवेणी सिन्हा
लता सिन्हा
लक्ष्मी नारायण सिन्हा
नर्गिस बंजारे
संदीप सोनवानी
डॉ. चंद्रशेखर सिन्हा
पुष्पा देवी प्रजापति
पिंटी ध्रुव
वेद प्रकाश ध्रुव
विनीत - समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत अर्जुनी



# होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

## रंगोत्सव विशेष

होली भारत का बहुत ही लोकप्रिय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्यौहार है। लोग चन्दन और गुलाल से होली खेलते हैं। प्रत्येक वर्ष मार्च माह के आरंभ में यह त्यौहार मनाया जाता है। लोगों का विश्वास है कि होली के चटक रंग ऊर्जा, जीवंतता और आनंद के सूचक हैं। होली की पूर्व संध्या पर बड़ी मात्रा में होलिका दहन किया जाता है और लोग अग्नि की पूजा करते हैं।

**होलिका दहन की कहानी–** प्रह्लाद से जुड़ी एक लोककथा के अनुसार तभी से होली का त्यौहार आरंभ हुआ था। प्रह्लाद ईश्वर को समर्पित एक बालक था। परन्तु उसके पिता ईश्वर को नहीं मानते थे। वे बहुत घमंडी और क्रूर राजा थे। तो कहानी कुछ इस तरह से आगे बढ़ती है कि प्रह्लाद के पिता एक नास्तिक राजा थे और उनका ही पुत्र हर समय ईश्वर का नाम जपता रहता था। इस बात से आहात होकर वह अपने पुत्र को सबक सिखाना चाहते थे। उन्होंने अपने पुत्र को समझाने के सारे प्रयास किए, परन्तु प्रह्लाद में कोई परिवर्तन नहीं आया। जब वह प्रह्लाद को बदल नहीं पाए, तो उन्होंने उसे मारने की सोची। इसलिए उन्होंने अपनी एक बहन की मदद ली। उनकी बहन को यह वरदान प्राप्त था कि यदि वह अपनी गोद में किसी को भी लेकर अग्नि में प्रवेश करेगी, तो स्वयं उसे कुछ नहीं होगा, परन्तु उसकी गोद में बैठा व्यक्ति भस्म हो जाएगा। राजा की बहन का नाम होलिका था। होलिका ने प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में बिठाया, परन्तु प्रह्लाद के स्थान पर वह स्वयं जल गई और "हरि ॐ" का जाप करने एवं ईश्वर को समर्पित होने के कारण, प्रह्लाद की आग से रक्षा हो गई और वह सुरक्षित बाहर आ गया। होलिका भूतकाल के बोझ का सूचक है, जो प्रह्लाद की निश्छलता को जला देना चाहती थी। परन्तु नारायण भक्ति से गहराई तक जुड़े हुए प्रह्लाद ने सभी पुराने संस्कारों को स्वाहा कर दिया और फिर नए रंगों के साथ आनंद का उद्गम हुआ। जीवन एक उत्सव बन जाता है। भूतकाल को छोड़ कर हम एक नई शुरुआत की तरफ बढ़ते हैं। हमारी भावनाएं आग की तरह हमें जला देती हैं, परन्तु जब रंगों का फव्वारा फूटता है तब हमारे जीवन में आकर्षण आ जाता है। अज्ञानता में भावनाएँ एक बोझ के समान होती हैं, जबकि ज्ञान में वही भावनाएँ जीवन में रंग भर देती हैं। सभी भावनाओं का संबंध अलग अलग रंगों से होता है, जैसे कि – लाल रंग क्रोध से, हरा ईर्ष्या से, पीला प्रसन्नता से, गुलाबी प्रेम से, नीला रंग विशालता से, श्वेत शान्ति से और केसरिया संतोष या फिर त्याग से एवं बैंगनी ज्ञान से जुड़ा हुआ है। त्यौहार का सार जान कर ज्ञान में होली का आनंद उठाएँ।



**गौकरण साहू**
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत धमतरी



**डीलन चन्द्राकर**
सरपंच, ग्राम पंचायत दहदहा



**थानेश्वर तारक**
अधिवक्ता, पूर्व सरपंच ग्रा.पं. गोजी



**शकुंतला रूपचंद देवांगन**
जनपद सदस्य, क्षेत्र क्र. 12
जनपद पंचायत - कुरूद



**जयमित्र साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत गोजी



**दिलीप चक्रधारी**
जनपद सदस्य, क्षेत्र क्र. 14
जनपद पंचायत - कुरूद



**दाऊ टकेश्वर चंद्राकर**
ग्राम पंचायत - सिवनीकला



**टेकराम साहू**
जनपद सदस्य, क्षेत्र क्र. 13
सिवनीकला ज. पं. - कुरूद



**लता जितेश्वर ध्रुव**
सरपंच, ग्राम पंचायत सिवनीकला



**दीपदान साहू**
उपसरपंच, ग्राम पंचायत सिवनीकला



**रूपेश कुमार निर्मलकर**
सरपंच, ग्राम पंचायत कुहकुहा



**गोपेश्वर साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत कोकड़ी



**डॉ. खेमराज साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत कठोली



**सागर साहू**
मंत्री, भाजयुमो, सिर्री मंडल




**ओमप्रकाश यादव**
सरपंच, ग्राम पंचायत भैंसमुंडी



**हिमांशु साहू**
जनपद सदस्य, क्षेत्र क्र. 17
जनपद पंचायत - कुरूद




**लिली श्रीवास**
जनपद सदस्य, क्षेत्र क्र. 19
जनपद पंचायत - कुरूद



**वीणा रोहित साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत मौरीकला



**दीपक कुमार साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत बकली



**डेमिन सालिकराम साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत नारी

समस्त क्षेत्रवासियों एवं पाठकों को हरिभूमि समाचार पत्र की ओर से **रंगोत्सव (होली)** के पावन अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं....

पामेश देवांगन (संवाददाता) कोड़ेबोड़ सिर्री









संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता कुरूद (धमतरी) मो. 9826882770, 7987345385

## अंचल की खबरें

### शाला परिवार ने किया सरपंच, उपसरपंच का सम्मान



**धमतरी।** प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला दर्री में नवनिर्वाचित सरपंच हिमांशु शेखर साहू, उपसरपंच निरंजन साहू को सम्मानित किया गया।

### विधायक ओंकार ने सदन में उठाया अवैध प्लाटिंग का मुद्दा

**धमतरी।** विधानसभा के बजट सत्र के ध्यानाकर्षण काल में विधायक ओंकार साहू ने अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया। इसे लेकर तीखी बहस भी हुई। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी जिले मे आवासीय कॉलोनी हेतु बिना डायवर्सन के कृषि भूमि पर आवागमन मार्ग छोड़कर बार-बार टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है। इस प्रकार का विक्रय अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है। भूमि की अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनी निर्माण होने से भूमि विक्रय पंजीयन एवं नामांतरण पर रोक संबंधी दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए परंतु धमतरी जिले में जिला प्रशासनिक कार्यालय के आसपास खेतिहर जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। अवैध प्लाटिंग का गोरख धंधा चरम सीमा पर है। विधायक ने 14 महीने की सरकार में अवैध प्लॉटिंग से प्राप्त शिकायत व कार्रवाई पर आकड़ा मांगा तो राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब दिया कि 2024 में 13 प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिसमें लोगों को सिर्फ नोटिस जारी किया गया हैं। मंत्री ने आगामी समीक्षा बैठक में कड़ी कार्रवाई की बात कही।



### शिक्षक संघ ने की महापौर से मुलाकात



**धमतरी।** छग संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित महोबे के नेतृत्व में शिक्षकों ने नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। संघ द्वारा शिक्षा विभाग की समस्याओं पर चर्चा की गई, जिस पर महापौर ने शीघ्र समाधान किये जाने की बात कही। मौके पर प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ ममता खालसा, प्रांत सहसचिव हरीश सिन्हा, जिला महिला प्रकोष्ठ सुनीता यादव, शोभा गुप्ता, हितेश साहू, निष्ठा तिवारी, शिखा श्रीवास्तव, गौरी गुप्ता, आरती सिन्हा, प्रीति नेताम, जिला संयोजक लोमस साहू, जिला सचिव शेष नारायण गजेंद्र, कोषाध्यक्ष देवेश साहू, सहसचिव प्रदीप सिन्हा, उपाध्यक्ष आलोक मत्स्यपाल, जिला प्रवक्ता पुरूषोतम निषाद, पवन परिहा, नोमेश साहू, विनीतशंकर मिश्रा, लोचन साहू उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वरुण साहू एवं दीपक सहारे ने दी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद का आयोजन



**नगरी।** ग्राम छिपली में महिला स्वसहायता समूह और नवनीत महिला मंडल ठाकुरदेव पारा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रस्साखींच, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, भाषण, कविता लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी ठाकरे, जमुना नवरंग, ईश्वरी साहू, आनंदी सोम, उमा नागर्ची, हेमलता नागरची, रिद्धि देव, ममता देव, पद्मनी बिसेन, अंबिका नेताम, चमेलीबाई सेन, नंदनी सोम, नीरजा सोम, धनेश्वरी साहू, रेश्मी यादव, ताराबाई यादव, सावित्री बिसेन, ओम साहू, सीमा साहू, लता साहू, जयंती साहू, चमेली नागरची सहित महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।


### सारंगपुरी के सरपंच, पंचों ने ली शपथ



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में पंच-सरपंचों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषभ देवांगन, आनंद स्वरूप मेश्राम एवं श्रीमती पद्मिनी साहू थे। इस अवसर पर जिपं सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि मैं सबसे पहले आपकी बहू-बेटी और परिवार का हिस्सा हूं। आपके हर सुख-दुख में सहभागी रहूंगी। यदि कोई समस्या हो, तो निः संकोच मुझसे साझा करें, ताकि मैं उसका समाधान करा सकूं। ऋषभ देवांगन ने कहा कि यह मेरे जीवन का पहला अवसर है, जब मैंने किसी ग्राम पंचायत में इतना अच्छा समन्वय और एक-दूसरे के प्रति सम्मानभाव देखा है। आनन्द स्वरूप मेश्राम ने कहा कि ग्राम सारंगपुरी में पंचायतीराज व्यवस्था के मूल उद्देश्यों को साकार होते देखना गर्व की बात है। नवनिर्वाचित सरपंच रामकुमार यादव एवं पंचों ने गांव के विकास का संकल्प लिया।

### कलेक्टर ने मसानडबरा में निर्माणाधीन कालोनी का किया निरीक्षण, कमार परिवारों से की बातचीत

**धमतरी।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग कमार हितग्राहियों को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत कमार परिवारों को आवास भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा नगरी प्रवास के दौरान मसानडबरा पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार परिवारों के लिए मसानडबरा में बन रहे 29 आवासीय कालोनी का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कमार परिवारों से बातचीत कर बच्चों के स्कूल, भोजन, उनके रोजमर्रा के काम, गांव की समस्याओं के बारे में पूछा। महिलाओं ने बताया कि वे तेन्दूपत्ता संग्रहण, महुआ बीनने का काम करती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की समस्या रहती है और वे दूर-दूर से झरिया का पानी लाते हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की पानी की समस्या दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।




पंद्रह सौ स्कूलों में चौबीस हजार विद्यार्थी दिलाएंगे परीक्षा

## बोर्ड पैटर्न पर होगी पांचवीं, आठवीं की वार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य शासन के आदेश पर प्राथमिक, माध्यमिक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा का टाइमटेबल जारी कर दिया गया है। पांचवीं की परीक्षा 17 मार्च से एवं 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी। इस बार पांचवीं में 11837 विद्यार्थी एवं आठवीं में 12501 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

डीईओ टीआर जगदल्ले ने बताया कि परीक्षा अध्ययनरत स्कूलों में होगी। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच दूसरे ब्लाक के स्कूलों में होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 बजे होगी। श्री जगदल्ले ने बताया कि समय-सारिणी के अनुसार पांचवीं का गणित पेपर 17 मार्च को, 21 को अंग्रेजी, 24 को हिन्दी, 27 मार्च को पर्यावरण की परीक्षा होगी। इसी तरह आठवीं की परीक्षा में पहला पेपर 18 मार्च को गणित, 22 को हिन्दी, 26 मार्च को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 1 अप्रैल को विज्ञान, 3 अप्रैल को संस्कृत, उर्दू का पेपर होगा। परीक्षा के लिए दूसरे स्कूलों का शिक्षक केन्द्राध्यक्ष होगा। निगरानी के लिए उड़नदस्ता की टीम गठित की गई है। परीक्षा पूरी तरह निःशुल्क है। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र 15 मार्च को वितरित होगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद पांचवी की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 30 मार्च से प्रारंभ होगी। आठवीं की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 4 अप्रैल से होगा। ब्लाक स्तर पर 7 मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए हैं जहां विषय विशेषज्ञ उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे।

श्री जगदल्ले ने बताया कि कक्षा पहली से चौथी तक एवं छठवीं, सातवीं की वार्षिक परीक्षा 4 अप्रैल शुक्रवार से प्रारंभ होगी जो 11 अप्रैल तक चलेगी। सभी परीक्षाएं स्थानीय स्तर पर होंगी। परीक्षा सुबह 8 बजे से शुरू होगी।



## जनसहयोग से सियारीनाला स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला को जनसहयोग से 43 इंच का स्मार्ट टीवी भेंट किया गया। इसमें पालक, शिक्षक एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही। कक्षा पांचवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह रखा गया। जयश्री कृष्णा स्वसहायता समूह गुडरापारा द्वारा न्योता भोजन में खीर पूड़ी एवं पनीर परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, प्रधानपाठक खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, होमनलाल साहू, लीना नेताम, सरोजनी कुंजाम, चमारिन बाई पंच, खिलेश्वरी निषाद, ममता पडौटी, भगवती पडौटी, सावित्री कुंजाम, देवदत्त पडौटी, चिंताराम शोरी समेत अनेक ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## थोक मंडी में टमाटर तीन रुपए किलो

- बंपर आवक से टमाटर का रेट औंधेमुंह गिरा, किसानों को हुआ नुकसान
- चिल्हर बाजार में 20 रुपए में 3 किलो बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पिछले माह भर से थोक में टमाटर 3 से 4 रूपये किलो हो गया है। दाम गिरने से उपभोक्ताओं की तो बल्ले-बल्ले है लेकिन किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। कृषक जगत पटेल का कहना है कि टमाटर का दाम गिरने से खेती का खर्च नहीं निकल रहा है। उल्टा उन्हें नुकसान हुआ है। दो एकड़ में टमाटर की फसल लगाई है। अच्छी क्वालिटी के होने के बाद भी टमाटर 3 से 4 रूपये किलो थोक में मिल रहा है। इधर थोक मंडी के दुकानदार गजेन्द्र सोनकर ने बताया कि टमाटर का कैरेट 100 रूपये हो गया। रायपुर, राजनांदगांव, भिलाई, बालोद, उड़ीसा, महराष्ट्र का टमाटर धमतरी पहुंच रहा है। इसके अलावा अंचल के गांवों से बड़े पैमाने पर टमाटर की खेप थोक मंडी सहित चिल्हर बाजार में पहुंच रही है इसलिए रेट में गिरावट आई है। सब्जी उत्पादक कृषक अघनू सोनकर, अगतु पटेल का कहना है कि मौसम अनुकूल होने के कारण इस वर्ष टमाटर की पैदावार उम्मीद से ज्यादा हुई है। दुर्ग जिले के धमधा इलाके में हजारों एकड़ खेतों में टमाटर की फसल लगाई गई है। उत्पादन अधिक होने के कारण वहां के किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। धमधा का टमाटर पूरे प्रदेश में वितरित हो रहा है। धमतरी नजदीक होने के कारण 20 से 25 गाड़ी टमाटर शहर पहुंच रहा है। टमाटर का रेट पिछले माह भर से कम है। चिल्हर बाजार में टमाटर 6 से 7 रूपये किलो बिक रहा है।

### औषधि विक्रेता संघ का होली मिलन समारोह



**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा होली मिलन समारोह हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में रखा गया जिसमें पूरे जिले एवं सभी जोन के केमिस्ट पदाधिकारी, सदस्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव सतराम वासानी, कोषाध्यक्ष नीरज किरण, संरक्षक मनीष चंद्राकर, संयोजक तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, रूपेंद्र साहू, अशोक दुबानी, नीरज नाहर, इंदु हिंदूजा, मनीष नहर, मनीष साहू, प्रकाश वासानी, अजय पटवारी, विजय ददलानी, विक्की रामरखानी, निखिल अग्रवाल, रुद्री ग्रामीण जोन के अध्यक्ष राकेश साहू, रूपेण साहू, रोशन साहू, डॉ. भूपेंद्र साहू, भीष्म साहू, योगेश्वर साहू, मनोज साहू, नागेंद्र साहू, रिखभ जैन, कंवल साय, प्रदीप जैन, तोरण बनपेला, नवीन साहू, अशोक शर्मा, नेमीचंद बैस, विनय गंजीर, घनाराम साहू, धर्मेंद्र केसरवानी, हरीश साहू, डॉ. टीआर सिन्हा, ओपी चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, डॉ. वेदप्रकाश सिन्हा उपस्थित थे।

### जेनेसिस महाविद्यालय में मनाई गई होली



**धमतरी।** जेनेसिस महाविद्यालय में होली महोत्सव मनाया गया। इसमें सभी छात्रों, शिक्षकों एवं स्टॉफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक तरीके से एक दूसरे को रंग लगाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य शिरोमणि सोनी ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सामाजिक सौहाद्र बनाये रखने एवं पर्यावरण के प्रति जागरुक रहते हुए सुरक्षित होली मनाने की अपील की। मौके पर गौरव लोहाणा, हरीश नागवानी, ओसीन कटारिया, रितेश सिंह, जितेन्द्र कुमार एवं योगेश साहू उपस्थित थे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वासरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज




## शहर के वाटर एटीएम बने शो-पीस, सात में से 5 खराब

- आम आदमी को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना खटाई में पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के सात स्थानों पर 70-70 हजार खर्च कर बनाए गए वाटर एटीएम अब सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। खराब होने के कारण शहर में शोपीस बनकर रह गये हैं। लोगों को बिना शुल्क के ठंडे पानी देने की योजना अब अधर पर लटक गई है। 7 में से 2 ही मशीन चालू है। शेष 5 खराब पड़ी है। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। राहगीरों को पानी के लिए बंद बोतल पानी या होटलों का सहारा लेना पड़ेगा। आम आदमी को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना खटाई में पड़ गई है। चार वाटर एटीएम 5 साल से बंद हैं। एक एटीएम पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे अभी तक नहीं सुधारा गया है। विगत पांच साल में रिपेयरिंग के नाम पर लाखों रूपये खर्च हो गए लेकिन वाटर एटीएम पूरी तरह बन नहीं पाया। उल्लेखनीय है कि आबादी के हिसाब से शहर के बस स्टैंड, आमातालाब रोड, रामपुर वार्ड, इतवारी बाजार, रामबाग क्षेत्र में वाटर एटीएम बनाया गया था। शुरूआत में वाटर एटीएम का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। लोगों को मौसम के अनुकूल शुद्ध पानी मिलने लगा था। मशीनें सालभर अच्छी चलीं लेकिन खराब होने पर वाटर एटीएम मशीन का शटर डाउन होते गया जो अभी तक नहीं उठ पाया है। वर्तमान में इतवारी बाजार, रामबाग चौक में लगाए गए वाटर एटीएम चालू है। शेष स्थानों की मशीनें खराब हैं। लोगों की मांग पर भी संचालक एजेंसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। मार्च माह लगते ही पारा 38 से 40 डिग्री पहुंच गया है। कुछ दूरी के सफर के पश्चात लोग प्यासे नजर आ रहे हैं।

